# M/P ENT - 134

**Total No. of Pages : 8**

| Seat No. | |
|---|---|

# M.Phil./Ph.D. Entrance Examination, August - 2018

## HINDI

**Day and Date : Wednesday, 08 - 08 - 2018** **Total Marks : 100**

**Time : 4.00 p.m. to 6.00 p.m.**

**Instructions :**
1) All questions are compulsory.
2) Each question carries 2 marks.
3) Answers should be marked in the given OMR answer sheet by darkening the appropriate option.
4) Use black ball point pen only for marking the circle. Do not make any stray mark on the OMR Answer Sheet.
5) Follow the instructions given on OMR Sheet.
6) Rough work shall be done on the sheet provided at the end of question paper.
7) Only non programmable calculators are allowed.

1) साहित्यिक शोध के कितने तत्त्व माने गए हैं?

अ) एक　　ब) दो

क) तीन　　ड) चार

2) शोध के क्षेत्र में प्राथमिक सामग्री किस रूप में ग्रहीत होती है?

अ) इतिहास सामग्री　　ब) उपलब्धि

क) आधार सामग्री　　ड) इनमें से कोई भी नहीं

3) साहित्य के किसी अछूते क्षेत्र, कालखंड अथवा विधा को क्रमबद्‌धता प्रदान करने के लिए कौनसी पद्‌धति श्रेष्ठ है?

अ) समस्यामूलक　　ब) आलोचनात्मक

क) शास्त्रीय　　ड) सर्वेक्षण

*P.T.O.*

4) सामग्री–संग्रह से लेकर पाठनिर्धारण तक विश्लेषण–विवेचन क्या कहलाती है?

अ) सामग्री संकलन | ब) पाठचयन
क) पाठसुधार | ड) उच्चतर आलोचना

5) शोधकार्य में प्रामाणिकता लाने के लिए किसकी आवश्यकता होती है?

अ) विश्लेषण | ब) संकलन
क) उद्धरण | ड) निरीक्षण

6) किसी भाव को भाव स्तर से तर्क–स्तर तक लाने के लिए जिस बौद्धिक ऊहापोह की सहायता ली जाती है, उसे क्या कहते हैं?

अ) व्याख्या | ब) विश्लेषण
क) निरीक्षण | ड) परीक्षण

7) शोध को ज्ञात साहित्य का क्या माना जाता है?

अ) पुनर्मुल्यांकन | ब) लेखन
क) बात | ड) कल्पना

8) विभिन्न हस्तलिखित अथवा अनाधिकृत रूप से वैज्ञानिक तथा मुद्रित रचनाओं का प्रामाणिक पाठ निर्धारण क्या कहलाता है?

अ) साहित्यानुसंधान | ब) शास्त्रानुसंधान
क) ऐतिहासिक अनुसंधान | ड) पाठानुसंधान

9) शोध प्रबंध की श्रेष्ठता किस पर निर्भर होती है?

अ) रूपरेखा की वैज्ञानिकता पर | ब) सामग्री विश्लेषण पर
क) उपलाब्धि पर | ड) संदर्भोल्लेखों पर

10) विषय–निर्वाचन के कितने आयाम है?

अ) एक | ब) दो
क) तीन | ड) चार

11) किस साहित्यिक शोध में अभिव्यंजना–कला की परख की जाती है?

अ) विचारतत्त्व संबंधी साहित्यिक शोध
ब) शैली तत्त्व संबंधी साहित्यिक शोध
क) कल्पना तत्त्व संबंधी साहित्यिक शोध
ड) भाव तत्त्व संबंधी साहित्यिक शोध

12) रूपरेखा तैयार करने के लिए उसे कितने भागों में विभाजित कर लेना श्रेयस्कर होता है?

अ) एक
ब) दो
क) तीन
ड) चार

13) शोध प्रबंध में शोधकर्ता अपने मत के समर्थन के लिए अथवा दूसरे के मत के विरोध के प्रसंग में क्या देता है?

अ) प्राक्कथन
ब) निष्कर्ष
क) पाद–टिप्पणी
ड) उपलब्धि

14) पाठानुसंधान को प्रायः कितने विभागों में विभाजित किया जाता है?

अ) चार
ब) पाँच
क) छः
ड) सात

15) विषय–चुनाव के लिए डॉ. रवींद्रकुमार जैन ने किसके चुनाव का उदाहरण दिया है?

अ) पति
ब) पत्नी
क) शोधार्थी
ड) निर्देशक

16) सिद्धांत, मूलभूत तथ्य अथवा अनाख्यात तथ्य जिससे मिलता है वह क्या कहलाता है?

अ) मौलिक शोध
ब) उपयोजित शोध
क) व्याख्यात्मक शोध
ड) प्रयोगात्मक शोध

17) शोधार्थी की योग्यता का सही मानदंड क्या है?

अ) पूर्वाग्रह–हीनता
ब) चिर–जिज्ञासु
क) तीखी सूझ
ड) विषय का पृष्ठभूमिजन्य ज्ञान

18) अपेक्षित सामग्री के क्रमबद्ध एवं निर्दिष्ट संकलन की प्रक्रिया क्या कहलाती है?

अ) ऐतिहासिक पद्धति
ब) सर्वेक्षण पद्धति
क) वर्गपरक पद्धति
ड) भाषावैज्ञानिक पद्धति

19) जो है उसी को नयी दृष्टि से देखना क्या कहलाता है?

अ) अनुवाद
ब) मीमांसा
क) अनुसंधान
ड) आख्यान

20) शोधार्थी के व्यवहार में एक उच्च कोटि की उपलब्धि कौनसी होती है?

अ) धैर्य
ब) परिश्रम
क) रूचि
ड) संयम

21) प्राप्त पाठों में से जब एक ही अधिकृत प्रमाणित न होता हो तो एक ऐसे पाठ की कल्पना करना जो अधिकृत हो सकता है वह क्या कहलाता है?

अ) सामग्री संकलन
ब) पाठ–चयन
क) पाठ सुधार
ड) उच्चतर आलोचना

22) 'व्यवस्थित एवं उचित खोज, पुनः अन्वेषण प्राप्त तथ्यों एवं सिद्धांतो का परिश्रमपूर्ण अन्वेषण–परीक्षण ही रिसर्च है' – यह परिभाषा किसकी है?

अ) हेन्री शॉ
ब) वेब्सटर
क) डॉ. रवींद्रकुमार जैन
ड) डॉ. विनयमोहन शर्मा

23) परिकल्पना में कितनी अवस्थाएँ गर्भित रहती है?

अ) 2
ब) 3
क) 4
ड) 5

24) किसी विषय के बोधपूर्ण तथा सामग्री संकलन पश्चात् के सूक्ष्मतम विवेचन को क्या कहा जाता है?

अ) अन्वेषण
ब) रचना
क) कविता
ड) उपन्यास

25) शोध मनुष्य की कौनसी प्रवृत्ति को संतुष्ट करता है?

अ) जीने की
ब) कार्य विधि कौशल
क) संघर्ष
ड) जिज्ञासा

26) 'माटी की मूरतें' किस विधा की रचना है?

अ) जीवनी
ब) उपन्यास
क) रेखाचित्र
ड) निबंध

27) किस पत्र को बचत या सेव्हिंग–पत्र ग्राम भी कहा जाता है?

अ) त्वरित पत्र
ब) पृष्ठांकन
क) मितव्यय पत्र
ड) ज्ञापन

28) चौदहवीं शती में रचा गया 'वर्ण रत्नाकर' का ढाँचा कैसा है?

अ) अभिकलनात्मक
ब) विश्वकोशात्मक
क) प्रयोगात्मक
ड) इनमें से कोई भी नहीं

29) आ. आनंदवर्धन ने काव्य में किसे केंद्रीय तत्त्व माना?

अ) शब्द
ब) अर्थ
क) ध्वनि
ड) वक्रोक्ति

30) 'नारद भक्तिसूत्र' के अनुसार 'आसक्तियाँ' कितनी है?

अ) 11
ब) 10
क) 9
ड) 7

31) जासूसी उपन्यासों का प्रवर्तन किसने किया था?

अ) देवकीनंदन खत्री
ब) गोपालराम गहमरी
क) निराला
ड) भारतेंदु

32) 1874 ई. में 'सत्यार्थ प्रकाश' द्वारा किसने अपने विचारों को हिंदी को गद्य में प्रस्तुत किया?

अ) स्वामी विवेकानंद
ब) स्वामी रामानंद
क) स्वामी दयानंद सरस्वती
ड) राजाराम मोहन राय

33) 'रस के बिना नाटक में कोई अर्थ प्रवर्त्तित नहीं होता' – यह मत किस आचार्य का है?

अ) कालिदास
ब) भरतमुनि
क) भवभूति
ड) विश्वनाथ

34) कभी–कभी किसी शब्द को ज्यों का त्यों अविकृत छोड दिया जाता है, उसे क्या कहते हैं?

अ) आदेश
ब) शून्य विभक्ति
क) द्वित्व
ड) आघात

35) 'कवि लोगों की उर्मिला विषयक उदासीनता' लेख कौनसे काव्य सृजन के लिए प्रेरणा स्त्रोत बना?

अ) राम की शक्तिपूजा
ब) रामायण
क) उर्मिला
ड) साकेत

36) आ. दंडी कौनसे ग्रंथ के रचयिता है?

अ) काव्य प्रकाश
ब) काव्यादर्श
क) काव्य–मीमांसा
ड) काव्यालंकार

37) प्रकृति के आधार पर स्वरों के कितने भेद हैं?

अ) एक
ब) दो
क) तीन
ड) चार

38) 'सत्य काव्य का साध्य और सौंदर्य उसका साधन है' ऐसा किसने कहा?

अ) सुभद्राकुमारी चौहान
ब) कीर्ति चौधरी
क) महादेवी वर्मा
ड) अनामिका

39) किसी भी सार्वजनिक हित के लिए किसी बडे अधिकारी की ओर से अपने कार्यालय या विभाग के कर्मचारियों के बिच नम्र पर स्पष्ट शब्दों में जो निवेदन किया जाता है उसे क्या कहते हैं?

अ) संदेश
ब) अपील
क) फैक्स
ड) परिपत्र

40) किसी भाषा की लघुतम सार्थक इकाइयाँ, चाहे वे बद्ध हों या मुक्त, यदि व्याकरणिक दृष्टि से पूर्ण हैं तो क्या कहलाती हैं?

अ) स्वनिम
ब) रूपिम
क) वागवयव
ड) संधि

41) जॉन बेस्ट के अनुसार ऐतिहासिक समालोचना कितने प्रकार की होती है?

अ) एक
ब) दो
क) तीन
ड) चार

42) अज्ञेय के किस निबंध संग्रह का प्रकाशन उनकी मृत्यु के बाद हुआ?

अ) छाया का जंगल
ब) अद्यतन
क) स्मृति छन्दा
ड) आत्मनेपद

43) अंग्रेजी के ‘Expansion’ शब्द का हिन्दी पर्याय क्या है?

अ) टिप्पण | ब) प्रारूपण
क) संक्षेपण | ड) पल्लवन

44) अस्तित्ववाद मे मूलतः किसका दर्शन है?

अ) समष्टि का | ब) मौलिकता
ड) वैयक्तिकता | ड) जीवन का

45) ‘कीर्ति पताका’ रचना की भाषा कौनसी है?

अ) अवहट्‌ठ | ब) भोजपुरी
क) संस्कृत | ड) मैथिली

46) उत्तर आधुनिकता की अवधारणा का अस्तित्व सर्वप्रथम किस क्षेत्र में दिखायी दिया?

अ) चित्रकला | ब) शिल्पकला
क) वास्तुकला | ड) काव्यकला

47) पाश्चात्य काव्यशास्त्र का आरंभ ई.सा.पूर्व किस शताब्दी से माना जाता है?

अ) पाँचवी | ब) छठी
क) सातवी | ड) आठवी

48) सन 1979 ई. में ‘मंच’ पत्रिका के माध्यम से सक्रिय कहानी आंदोलन का सूत्रपात करनेवाले कौन हैं?

अ) मोहन राकेश | ब) रमेश बतरा
क) राकेश वत्स | ड) धीरेंद्र अस्थाना

49) राजस्थानी हिंदी की किस बोली का परंपरागत नाम ‘ढुंढाडी’ है?

अ) मारवाडी | ब) जयपुरी
क) मेवाती | ड) मालवी

50) एजरा पाउंड ने कौनसा आंदोलन चलाया था?

अ) अस्तित्ववाद | ब) प्रगतिवाद
क) बिंबवाद | ड) मार्क्सवाद

♦ ♦ ♦

रफ़ कार्य